PAPER - I

FUNDAMENTAL HINDI

स्वर
VOWELS

अ आ इ ई उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ अं अः

व्यंजन
CONSONANTS

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ

2

FUNCTIONAL HINDI

लिंग-परिवर्तन
CHANGE OF GENDER

Masculine		*Feminine*	*Masculine*		*Feminine*
कुत्ता	—	कुतिया	ऊँट	—	ऊँटनी
घंटा	—	घंटी	हाथी	—	हथिनी
बच्चा	—	बच्ची	मोर	—	मोरनी
घोड़ा	—	घोड़ी	सिंह	—	सिंहनी
डिब्बा	—	डिबिया	शेर	—	शेरनी
चूहा	—	चुहिया	हंस	—	हंसनी
बकरा	—	बकरी	हिन्दू	—	हिन्दुआनी
गधा	—	गधी	मुसलमान	—	मुसलमानी
रस्सा	—	रस्सी	भील	—	भीलनी
बिलाव	—	बिल्ली	सेठ	—	सेठानी
मामा	—	मामी	देवर	—	देवरानी
चाचा	—	चाची	नौकर	—	नौकरानी
बूढ़ा	—	बूढ़ी	विद्यार्थी	—	विद्यार्थिनी
दादा	—	दादी	स्वामी	—	स्वामिनी
नाना	—	नानी	उस्ताद	—	उस्तादनी
हिरन	—	हिरनी	गुरु	—	गुरुआइन
मेंढक	—	मेंढकी	क्षत्रिय	—	क्षत्राणी
कबूतर	—	कबूतरनी	लोहार	—	लुहारिन
तेली	—	तेलिन	बालक	—	बालिका
धोबी	—	धोबिन	बादशाह	—	बेगम
नाई	—	नाईन	सम्राट	—	सम्राज्ञी
माली	—	मालिन	पुरुष	—	स्त्री
मालिक	—	मालकिन	मर्द, आदमी	—	औरत
साँप	—	साँपिन	विधुर	—	विधवा
बाघ	—	बाघिन	साहिब	—	मेम, साहिबा

Masculine		*Feminine*	*Masculine*		*Feminine*
गड़ेरिया	—	गड़ेरिन	श्रीमान	—	श्रीमती
ग्वाला	—	ग्वालिन	ब्राह्मण	—	ब्राह्मणी
पण्डित	—	पण्डिताइन	विद्वान्	—	विदुषी
बाबू	—	बबुआइन	अध्यापक	—	अध्यापिका
डाकू	—	डाकिन	नर	—	मादा, नरी
जुलाहा	—	जुलाहिन	दास	—	दासी
भाई	—	बहन	देव	—	देवी
भेड़ा	—	भेड़	कुमार	—	कुमारी
भैंसा	—	भैंस	महाशय	—	महाशया
राजा	—	रानी	बैल	—	गाय
पिता	—	माता	वर	—	वधू
बाप	—	माँ	पुत्र	—	पुत्री
पति	—	पत्नी	बन्दर	—	बन्दरिया
मियाँ	—	बीबी	सुत	—	सुता

✣

वचन बदलना
CHANGING THE NUMBERS

Masculine Words

The nouns ending in 'आ'

Singular	—	*Plural*	*Singular*	—	*Plural*
एकवचन	—	बहुवचन	एकवचन	—	बहुवचन
I			II		
लड़का	—	लड़के	पिता	—	पिता
कपड़ा	—	कपड़े	राजा	—	राजा
घोड़ा	—	घोड़े	दादा	—	दादा
बच्चा	—	बच्चे	मामा	—	मामा
कमरा	—	कमरे	नेता	—	नेता

Other Words

III

बालक	—	बालक
भाई	—	भाई
मुनि	—	मुनि
घर	—	घर
डाकू	—	डाकू

Feminine Words

The nouns ending in 'अ'

बहन	—	बहनें
गाय	—	गायें
औरत	—	औरतें
किताब	—	किताबें
दीवार	—	दीवारें

The nouns ending in 'ई'

लड़की	—	लड़कियाँ
जाति	—	जातियाँ
स्त्री	—	स्त्रियाँ
गाड़ी	—	गाड़ियाँ
खिड़की	—	खिड़कियाँ

The nouns ending in 'या'

बुढ़िया	—	बुढ़ियाँ
चिड़िया	—	चिड़ियाँ

Other Words

लता	—	लताएँ
माला	—	मालाएँ
कथा	—	कथाएँ
वस्तु	—	वस्तुएँ
वधू	—	वधुएँ
बहू	—	वहुएँ

गिनती (NUMERALS)

एक	1	सत्ताइस	27	तिरपन	53
दो	2	अट्ठाइस	28	चौवन	54
तीन	3	उनतीस	29	पचपन	55
चार	4	तीस	30	छप्पन	56
पाँच	5	इकतीस	31	सत्तावन	57
छः	6	बत्तीस	32	अट्ठावन	58
सात	7	तैंतीस	33	उनसठ	59
आठ	8	चौंतीस	34	साठ	60
नौ	9	पैंतीस	35	इकसठ	61
दस	10	छत्तीस	36	बासठ	62
ग्यारह	11	सैंतीस	37	तिरसठ	63
बारह	12	अड़तीस	38	चौंसठ	64
तेरह	13	उनचालीस	39	पैंसठ	65
चौदह	14	चालीस	40	छियासठ	66
पन्द्रह	15	इकतालीस	41	सडसठ	67
सोलह	16	बयालीस	42	अडसठ	68
सत्रह	17	तैंतालीस	43	उनहत्तर	69
अठारह	18	चवालीस	44	सत्तर	70
उन्नीस	19	पैंतालीस	45	इकहत्तर	71
बीस	20	छियालीस	46	बहत्तर	72
इक्कीस	21	सैंतालीस	47	तिहत्तर	73
बाईस	22	अड़तालीस	48	चौहत्तर	74
तेईस	23	उनचास	49	पचहत्तर	75
चौबीस	24	पचास	50	छिहत्तर	76
पच्चीस	25	इक्कावन	51	सतहत्तर	77
छब्बीस	26	बावन	52	अठहत्तर	78

उन्नासी	79	सत्तासी	87	पंचानबे	95
अस्सी	80	अट्ठासी	88	छियानबे	96
इक्कासी	81	नवासी	89	सत्तानबे	97
बयासी	82	नब्बे	90	अट्ठानबे	98
तिरासी	83	इकानबे	91	निन्यानबे	99
चौरासी	84	बानबे	92	एक सौ	100
पचासी	85	तिरानबे	93	हजार	1,000
छियासी	86	चौरानबे	94	लाख	1,00,000

करोड़ 1,00,000,00

पाव	¼	ढाई, अढ़ाई	2½
सवा	1¼	साढ़े तीन	3½
सवा दो	2¼	पौन	¾
सवा तीन	3¼	पौने दो	1¾
आधा	½	पौने पाँच	4¾
डेढ़	1½		

महीने (MONTHS)

चैत्र	जनवरी	आश्विन	जुलाई
वैशाख	फरवरी	कार्तिक	अगस्त
ज्येष्ठ	मार्च	मार्गशीर्ष	सितम्बर
आषाढ़	अप्रैल	पौष	अक्टूबर
श्रावण	मई	माघ	नवम्बर
भाद्रपद	जून	फाल्गुन	दिसम्बर

मौसम (SEASON)

वसन्त	Spring	ग्रीष्म	Summer
वर्षा	Rain	शरद	Winter
हेमन्त	Frost	शिशिर	Autumn

दिशाएँ (DIRECTIONS)

पूरब	East	पश्चिम	West
उत्तर	North	दक्षिण	South

शरीर के अंग (PARTS OF THE BODY)

Arm	बाँह	knees	घुटने
arms	बाँहें	leg	टाँग
back	पीठ	legs	टाँगें
blood	खून, रक्त	face	चेहरा, मुख
body	शरीर	finger	उँगली
bone	हड्डी	fingers	उँगलियाँ
bones	हड्डियाँ	flesh	मांस
brain	बुद्धि, दिमाग	foot	पैर
cheek	गाल	feet	पैरों
cheeks	गालें	hair	बाल
chest	छाती	hairs	बालों
ear	कान	hand	हाथ
eye	आँख	hands	हाथों
eyes	आँखें	neck	गर्दन
eye-brow	भौंह	nose	नाक
eye-brows	भौंहें	shoulder	कंधा
head	सिर	skin	चर्म, खाल,
heads	सिरों		चमड़ा
heart	दिल, हृदय	thigh	जाँघ
hearts	दिल, हृदय	thighs	जाँघें
knee	घुटना	throat	गला, कंठ

lip	होंठ
lips	होंठों
lung	फेफड़ा
lungs	फेफड़े
mind	मन
minds	मन
mustache	मूँछ
mouth	मुँह
mouths	मुँह
thumb	अँगूठा
tongue	जीभ, जबान
tooth	दाँत
teeth	दाँतें
waist	कमर
wrist	कलाई
wrists	कलाइयाँ

✣

रिश्तेदार (RELATIONS)

Aunt— बुआ, फूफी (Father's sister)
मौसी (Mother's sister)
मामी (Mother's brother's wife)
चाची (Father's brother's wife)
ताई (Father's elder brother's wife)

Brother— भाई

Brother-in-law— साला (Wife's brother)
बहनोई (Sister's husband)

Brother's daughter— भतीजी

Brother's son— भतीजा

Brother's wife— भाभी

Cousin brother— चचेरा भाई (Father's brother's son)
फुफेरा भाई (Father's sister's son)
मौसेरा भाई (Mother's sister's son)
ममेरा भाई (Mother's brother's son)

Cousin sister— चचेरी बहन (Father's brother's daughter)
फुफेरी बहन (Father's sister's daughter)
मौसेरी बहन (Mother's sister's daughter)
ममेरी बहन (Mother's brother's daughter)

Daughter— बेटी, लड़की

Daughter-in-law— बहू

Father— पिता, बाप

Father-in-law— ससुर

Grand father— दादा (Father's father)
नाना (Mother's father)

Grand mother— नानी (Mother's mother)
दादी (Father's mother)

Grand daughter— नतिनी, नातिन (Daughter's daughter)
पोती (Son's daughter)

Grand son— नाती (Daughter's son)
पोता (Son's son

Husband— पति

Husband's elder brother— जेठ

Husband's elder brother's wife— जेठानी

Husband's sister— ननद

Husband's younger brother— देवर

Husband's younger brother's wife— देवरानी

Mother— माँ, माता

Mother-in-law— सास

Nephew— भतीजा (Brother's son)
भानजा (Sister's son)

Niece— भतीजी (Brother's daughter)
भानजी (Sister's daughter)

Sister— बहन

Elder sister— दीदी, जीजी

Son— पुत्र, लड़का, बेटा

Son-in-law— दामाद, जमाई

Step mother— सौतेली माँ

Uncle—	चाचा (Father's brother)
	ताऊ (Father's elder brother)
	मामा (Mother's brother)
	मौसा (Mother's sister's husband)
	फूफा (Father's sister's husband)
Widow—	विधवा
Wife—	स्त्री, पत्नी, जोरू
Wife's sister—	साली
Woman—	औरत, स्त्री

✣

तरकारी, फल, फूल और मेवे
VEGETABLES, FRUITS, FLOWERS AND CONDIMENTS

apple	सेब	coffee	कॉफी
betel-nut	सुपारी	coriander	धनियाँ
asafoetida	हींग	cotton	रूई, कपास
banana	केला	cucumber	खीरा, ककड़ी
barley	जौ	cummin	जीरा
beans	सेम	date	खजूर
beet-root	चुकन्दर	dried fruit	मेवा
betel leaf	पान	fig	अंजीर
brinjal	बैंगन	garlic	लहसुन
cabbage	पत्तागोभी	ginger	अदरक
	बंदगोभी	ginger dried	सोंठ
cardamon	इलायची	grain	अनाज
carrot	गाजर	gram-bengal	चना
cashewnut	काजू	gram-black	उड़द
cauliflower	फूलगोभी	gram-green	मूँग
camphor	कपूर	gram horse	कुल्थी
castor	रंडी	grapes	अंगूर
chilly	लाल मिर्च	grass	घास

clove	लौंग	guava	अमरूद
coconut	नारियल	jack fruit	कटहल
jola	ज्वार	jasmine	जूही
jute	पटसन	pumpkin	कुम्हड़ा
lady's finger	भिंडी	radish	लाल मूली
leaf	पत्ता	ragi	मड़आ, रागी
lemon lime	नींबू	rice	चावल
lotus	कमल	root	जड़
maize	मक्का	rose	गुलाब
mango	आम	salt	नमक
melon	खरबूजा	sandal	चन्दन
melon water	तरबूज	seed	बीज
mustard (black)	राई	sesame	तिल
mustard (yellow)	सरसों	snake-gourd	चचींड़ा
oil	तेल	spinach	पालक
olive	जैतून	sugar-cane	गन्ना, ईख
onion	प्याज	sweet potato	शकरकन्द
opium	अफीम	Tamarind	इमली
orange	नारंगी	tea	चाय
paddy	धान	teak	सागौन
palm tree	ताड़	tobacco	तम्बाकू
pea	मटर	tomato	टमाटर
pear	नाशपाती	tree	पेड़
pepper	काली मिर्च	trunk	तना
pine apple	अनन्नास	turmeric	हल्दी
plantain	केला	turnip	शलज
plum	बेर	vegetable	तरक
pomegranate	अनार	walnut	अख
potato	आलू	wheat	गेहूँ
pulse	दाल		

✣

कौन-क्या

तुम कौन हो ?	मैं राम हूँ।
यह कौन है ?	यह कमला है।
वह कौन है ?	वह मजदूर है।
यह क्या है ?	यह कलम है।
वह क्या है ?	वह दफ्तर है।
क्या यह कलम है ?	हाँ, यह कलम है।
क्या वह स्कूल है ?	नहीं, वह स्कूल नहीं है।
आप कौन हैं ?	मैं ऑफिसर हूँ।
आप कौन हैं ?	हम लोग किसान हैं।
ये क्या हैं ?	ये फल हैं।
वे क्या हैं ?	वे घर हैं।
क्या वे राजन हैं ?	हाँ, वे राजन हैं।
क्या ये सीता हैं ?	नहीं, ये सीता नहीं हैं।

GRAMMAR

मैं..........................हूँ।	हम..........................हैं।
तुम..........................हो।	आप..........................हैं।
यह/वह....................है।	ये/वे..........................हैं।

✣

वर्ग में अध्यापक—घर में मामाजी

रमेश, तुम आओ। तुम अन्दर आओ। तुम बेंच पर बैठो।

रमा, तुम भी आओ। तुम भी बेंच पर बैठो।

शिवा, तुम हिन्दी पाठ पढ़ो। उमा, तुम तमिल पाठ पढ़ो।

जान, तुम अंग्रेजी सबक कल लिखो। रोसी, तुम पुस्तक लो।

मिरजा, तुम यह कलम मत लो। रजिया, तुम कागज दो।

शेखर, तुम पानी पिओ। रानी, तुम चाय मत पिओ।

राघव	:	नमस्ते मामाजी, आइये।	आप कुर्सी पर बैठिये।
मामा	:	तुम भी कुर्सी पर बैठो।	तुम जमीन पर मत बैठो।
राघव	:	आप मिठाई लीजिए।	आप कॉफी पीजिए।
मामा	:	तुम एक काम करो।	अखबार यहाँ लाओ।
राघव	:	आप एक काम कीजिए।	कल एक भाषण दीजिए
मामा	:	तुम खाना खाओ और बाहर चलो।	

GRAMMAR : IMPERATIVE MOOD

	Exceptions
आ + ओ = आओ	कर - करो - कीजिए
पढ़ + ओ = पढ़ो	दे - दो - दीजिए
आ + इये = आइये	ले - लो - लीजिए
पढ़ + इये = पढ़िये	पी- पिओ - पीजिए

✣

मार्केट में राम

राम : राजू, गाड़ी से उतरो। यही बाजार है।

राजू : पिताजी, वह कौन है ?

राम : वह दुकानदार है।

राजू : वह क्या करता है ?

राम : वह तरकारी बेच रहा है।

राजू : वहाँ तो बहुत भीड़ है।

राम : हाँ! वहाँ लोग तरकारी-सब्जी खरीद रहे हैं।
दुकानदार तराजू में तरकारी तोल रहा है।
कुछ लोग मोल-भाव करते हैं। पुरुष तरकारी खरीदते हैं
खरीद रही हैं।

दुकान में

गणेश (मालिक) : आइये राम! आजकल आप यहाँ नहीं आते।

राम : भाई! आजकल बैंक में काम अधिक है। तुम कैसे हो?

गणेश : मैं कुशल हूँ।

राम : तुम कहाँ रहते हो?

गणेश : मैं आजकल आर्के-टाउन में रहता हूँ।

राम : क्या तुम दोपहर घर जाते हो?

गणेश : हाँ, मैं दोपहर घर जाता हूँ।

राम : अरे शीला! तुम यहाँ क्या कर रही हो?

शीला : जी, मैं यहाँ काम करती हूँ।

राम : क्या तुम अब भी कालेज में पढ़ती हो?

शीला : जी हाँ, मैं खानगी तौर पर पढ़ रही हूँ।

गणेश : यह कपड़ा देखिये। यह टिकाऊ है। यह सस्ता भी है। गर्मी में अच्छा लगता है।

राम : क्या सूती कपड़ा है?

गणेश : जी हाँ, आप भाभी के लिये ये रेशमी साड़ियाँ लीजिये।

राम : यह बहुत महँगा है।

गणेश : ये ऊनी कपड़े लीजिये। जाड़ों में यह मिलता है।

राम : अच्छा, मैं सूती कपड़े लेता हूँ।

राजू : पिताजी! यहाँ लोग क्या करते हैं?

राम : यहाँ लोग पैसे चुकाते हैं।

गणेश : आप बार-बार आइये। नमस्ते।

राम : नमस्ते।

व्याकरण	*Masculine*	*Feminine*
	मैं पढ़ता हूँ।	मैं पढ़ती हूँ।
	तुम पढ़ते हो।	तुम पढ़ती हो।
	यह/वह पढ़ता है।	यह/वह पढ़ती है।
	हम, आप, ये/वे } पढ़ते हैं।	हम, आप, ये/वे } पढ़ती हैं।

Note :

1. When the subject is masculine (singular & plural) or feminine (singular only) and when the negative is expressed by adding 'नहीं' before the verb, then the auxiliary verbs are generally dropped.

   मैं नहीं खाता। तुम नहीं खाते। राम नहीं खाता। वे नहीं खाते। मैं नहीं खाती। तुम नहीं खाती। शीला नहीं खाती।

2. When the subject is feminine plural and when the negative is expressed instead of ती, तीं should be used.

   लड़कियाँ शहर नहीं जातीं।

   In Hindi second person 'आप' is used for third person singular to show respect. The third person ये, वे is used for third person singular to show respect.

विधिक्रियाँ

तुम नौकर को बुलाओ।	तुम बच्चे को देखो।
आप कुली का पैसा दीजिए।	युवकों को रास्ता दिखाइये।
आप घर कैसे जाते हैं?	मैं गाड़ी से जाता हूँ।
गाड़ी कहाँ से निकलती है?	गाड़ी स्टेशन से निकलती है।
लड़का कलम से लिखता है।	राधा चाकू से फल काटती है।
राम भरत से बड़ा है।	उर्मिला सीता से छोटी है।
सुन्दर कृष्ण का बेटा है।	गणेश भी कृष्ण का बेटा है।

सुन्दर और गणेश कृष्ण के बेटे हैं।

राधा शेखर की बेटी है।

राधा और रजनी शेखर की बेटियाँ हैं।

कृष्ण की बहन का नाम सुभद्रा है।

दीदी दफ़्तर में काम करती हैं।

जानवरों पर दया करो।

गोपाल की दो बहनें हैं।

रजनी भी शेखर की बेटी है।

कृष्ण के भाई का नाम बलराम है।

घर में माँ हैं।

दीवार पर तस्वीर है।

GRAMMAR— CASE ENDINGS

ने, को, से—By, with, to

को —*to*

में — *in*

से — From, than

का, के, की —*of*

पर — on

✣

पूछताछ

अस्पताल में

ुंशी : तुम्हारा नाम क्या है?

ुधा : मेरा नाम सुधा है।

ी : तुम्हारे पिताजी का नाम क्या है?

: मेरे पिताजी का नाम रमणन है।

: तुम्हारा पता क्या है?

: मेरा पता है— 15, कामराज सालै, मदुरै -1

: तुम्हारी उम्र क्या है?

: मेरी उम्र 16 वर्ष की है।

: तुम्हारे पिताजी का वेतन कितना है?

: उनका वेतन 200 रुपये हैं।

: अच्छा, यह चिट्ठा लेकर उस पंक्ति में बैठो। डॉक्टर आ रहे हैं।

कार्यालय में

रामू : नमस्ते।

मैनेजर : नमस्ते, बैठिये। आपका नाम क्या है?

रामू : मेरा नाम रामू है।

मैनेजर : आप कहाँ के रहनेवाले हैं?

रामू : मैं पालघाट का रहनेवाला हूँ।

मैनेजर : आपकी योग्यता क्या है?

रामू : मैं बी०कॉम० प्रथम श्रेणी में पास हूँ।

मैनेजर : क्या आप टंकण जानते हैं?

रामू : जी हाँ, मैं टंकण और आशुलिपि जानता हूँ।

मैनेजर : काम का अनुभव है?

रामू : जी, मेरा कोई अनुभव नहीं।

मैनेजर : हम निर्यात करते हैं। निर्यात के बारे में कहिए।

रामू : निर्यात करने से हमारे देश को विदेशी मुद्रा मिलती है।

मैनेजर : सरकार की नीति कैसी है?

रामू : सरकार की नीति अच्छी है। उसका लाभ सब उठाते हैं। निर्यात के
सरकार भी मदद कर रही है।

मैनेजर : अच्छा! आप जा सकते हैं।

रामू : धन्यवाद! नमस्ते।

व्याकरण : *Present Continuous Tense*

Masculine	*Feminine*
मैं आ रहा हूँ।	मैं आ रही हूँ।
तुम आ रहे हो।	तुम आ रही हो।
यह/वह आ रहा है।	यह/वह आ रही है।

5. संज्ञा

I. एक या दो वाक्यों में उत्तर दीजिए :-

1. संज्ञा की परिभाषा दीजिए?

विकारी शब्दों में उन शब्दों को संज्ञा कहते हैं जो किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु के नाम को प्रकट करते हैं।

उदा: पुस्तक, मंदिर।

II. सविस्तार उत्तर दीजिए :-

1. संज्ञा किसे कहते हैं और उसके कितने प्रकार है? समझाइए।

विकारी शब्दों में उन शब्दों को संज्ञा कहते हैं जो किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु के नाम को प्रकट करते हैं। संज्ञा के पाँच प्रकार हैं।

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा**
2. **जातिवाचक संज्ञा**
3. **भाववाचक संज्ञा**
4. **समूहवाचक संज्ञा**
5. **द्रव्यवाचक संज्ञा**

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा : किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे : मोहन, हिमालय, मदुरै, राम, काशी आदि।

2. जातिवाचक संज्ञा : एक ही जाति की समस्त वस्तुओं का बोध करानेवाली संज्ञाओं को जाति वाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे : मोहन, नदी, पुस्तक. लड़का, मेज़, खिड़की आदि।

3. भाववाचक संज्ञा : जिस संज्ञा से किसी गुण, धर्म या भाव का बोध हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे : मिठास, वीरता आदि।

4. समूहवाचक संज्ञा : जिस शब्द से अनेक पदार्थों का अथवा समूह का बोध हो, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे : सेना, झुण्ड आदि।

5. द्रव्यवाचक संज्ञा : जिस शब्द से किसी पदार्थ का बोध हो उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे : सोना, चाँदी आदि।

समूहवाचक और द्रव्यवाचक संज्ञाएँ भी जातिवाचक संज्ञाओं के अन्तर्गत आ सकती हैं। सर्वनाम, विशेषण, क्रिया विशेषण, सम्बन्ध बोधक अव्यय, विस्मयादिबोधक, क्रिया ये भी संज्ञा के समान प्रयुक्त होते हैं।

सर्वनाम	–	वह व्यापार में **सब** खो बैठा।
विशेषण	–	**बडों** का आदर करो।
क्रिया विशेषण	–	**यहाँ** की जमीन अच्छी है।
सम्बन्ध बोधक अव्यय	–	**पीछे** का आदमी बोल उठा।

विस्मयादिबोधक – क्या **हाय-हाय** मची है?

क्रिया – **खाना** जीवन केलिए आवश्यक है।

2. भाववाचक संज्ञा की परिभाषा देते हुए सोदाहरण लिखिए कि भाववाचक संज्ञाएँ किन किन शब्दों से बन सकती है?

भाववाचक संज्ञाएँ चार प्रकार के शब्दों से बनती हैं। वे हैं :

1. **जातिवाचक संज्ञा से**
2. **सर्वनाम से**
3. **विशेषण से**
4. **क्रिया से**

1. जातिवाचक संज्ञा से

बच्चा	–	बचपन
दानव	–	दानवता
मानव	–	मानवता
बूदा	–	बुढ़ापा

2. सर्वनाम से

अहं	–	अहंकार

3. विशेषण से

मीठा	–	मिठास
लाल	–	लालिमा

चतुर	–	चतुराई
निडर	–	निडरता
नीच	–	नीचता
सुन्दर	–	सुन्दरता
अच्छा	–	अच्छाई
गहरा	–	गहराई
चौडा	–	चौडाई

4. क्रिया से

सजाना	–	सजावट
चलना	–	चाल
चुनना	–	चुनाव
मारना	–	मार

6. लिंग और वचन

I. एक या दो वाक्यों में उत्तर दीजिए :-

1. लिंग किसे कहते हैं? उसके कितने प्रकार हैं?

शब्द के जिस रूप से हमें यह मालूम होता है कि वह पुरुष जाति को सूचित करता है या स्त्री जाति को, उसे लिंग कहते हैं। हिन्दी में दो लिंग माने जाते हैं – पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।

2. वचन किसे कहते हैं? उसके प्रकार क्या-क्या हैं?

संज्ञा और अन्य विकारी शब्दों के जिस रूप से यह मालूम होता है कि वह एक के लिए प्रयुक्त हुआ है या एक से अधिक

केलिए, उसे वचन कहते हैं। हिन्दी में दो प्रकार के वचन होते हैं – एकवचन और बहुवचन

II. सविस्तार उत्तर दीजिए :-

1. लिंग की परिभाषा देते हुए सोदाहरण लिखिए कि लिंग के कितने प्रकार हैं और वे क्या-क्या हैं?

शब्द के जिस रुप से हमें यह मालूम होता है कि वह पुरुष जाति को सूचित करता है या स्त्री जाति को, उसे लिंग कहते हैं। हिन्दी में दो लिंग माने जाते हैं – पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।

पुरुष जाति का बोध करानेवाले शब्द पुल्लिंग है और स्त्री जाति का बोध करानेवाले शब्द स्त्रीलिंग है।

क्रिया, विशेषण, संबन्धकारक के विभक्ति चिह्न (का, के, की) आदि से भी हम लिंग को पहचान सकते हैं।

लड़का, आदमी – पुल्लिंग

लड़की, औरत – स्त्रीलिंग

2. हिन्दी शब्दों के लिंग की पहचान किन-किन शब्दों से हो सकती हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

(i) लिंग निर्णय कुछ सामान्य नियम प्राणिवाचक शब्दों का लिंग अर्थ से स्पष्ट हो जाता है।

पिता – पुल्लिंग

गाय – स्त्रीलिंग

(ii) कुछ अप्राणिवाचक शब्दों का लिंग उनके रुप से मालूम होता है। प्राय: आकारान्त संज्ञाएँ पुल्लिंग हैं और ईकारान्त संज्ञाएँ स्त्री लिंग हैं।

कमरा – पुल्लिंग

घड़ी – स्त्रीलिंग

(iii) कुछ शब्दों का लिंग कल्पना के द्वारा नियत किया जाता है।

मोटी – पुल्लिंग

बेढंगी वस्तुओं के नाम पुल्लिंग और कोमल, सुंदर वस्तुओं के नाम स्त्रीलिंग है।

पहाड़, पेड़ – पुल्लिंग

लता – स्त्रीलिंग

(iv) कुछ शब्दों का लिंग अध्ययन तथा प्रयोग से याद में रहना है।

आलू, मार्ग, कान – पुल्लिंग

सड़क, आंख, नाक – स्त्रीलिंग

पुल्लिंग

1. जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध हो उसे पुल्लिंग कहते हैं।

   राजा, बेटा, पति, भाई आदि

2. साधारणत: अकारान्त और आकारान्त संज्ञाएँ

   घर, पेड, कपडा, पैसा आदि

अपवाद : सडक, ढाल, हवा, दवा आदि

3. सभी क्रियार्थक संज्ञाएँ

आना, पढ़ना, लिखना बैठना आदि

4. धातुओं और रत्नों के नाम

सोना, तांबा, पीतल, लोहा, सीसा, कांसा आदि

5. ग्रहों के नाम

सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, राहु, केतु आदि

अपवाद : पृथ्वी

6. आव, पन, पा, त्व, या, न में अंत होनेवाली भाववाचक संज्ञाएँ

उदा : चढाव, बहाव, चुनाव, बचपन, लड़कपन, बुढापा, मनुष्यत्व, लगान, खानपान आदि

7. पेड़, अनाज और द्रव पदार्थ

उदा : आम, पीपल, चावल, गेहूँ, तेल, घी, शरबत, पानी आदि

अपवाद : इमली, मकई, छाछ।

8. मासों और वारों के नाम :

चैत्र, वैशाख, रविवार, सोमवार आदि

स्त्रीलिंग

1. जिन शब्दों से मादा या स्त्री का बोध हो उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।

उदा : माँ, राणी, पत्नी, घोड़ी, शेरनी आदि।

2. प्राय : इकारान्त और ईकारान्त संज्ञायें

उदा : रुचि, अग्नि, घड़ी, नदी

अपवाद : पानी, दही, घी, मोती

3. जिन भाववाचक संज्ञाओं के अंत में

'ई', 'ता', 'वट', 'हट'

उदा : बडाई, चढाई, मित्रता, लघुता, बनावट, सजावट, घबराहट, चिकनाहट

4. नदियों और भाषाओं के नाम :

उदा : गगा, कावेरी, हिन्दी, तमिल

अपवाद : सिन्धु, ब्रह्मपुत्र

5. ऊनवाचक संज्ञाए जिनके अन्त में 'इया' हो।

उदा : खटिया, डिबिया, पुडिया

6. तिथियों और नक्षत्रों के नाम :

उदा : द्वितीय, तृतीय, भरणी, रोहिणी

3. **वचन की परिभाषा देकर उसके भेदों पर सविस्तार लिखिए:**

संज्ञा और अन्य विकारी शब्दों के जिस रूप से यह मालूम होता है कि वह एक केलिए प्रयुक्त हुआ है या एक से अधिक केलिए, उसे वचन कहते हैं।

हिन्दी में दो वचन हैं – एकवचन और बहुवचन

जो शब्द किसी एक ही वस्तु, व्यक्ति या स्थान का बोध कराते हैं उन्हें एकवचन कहते हैं।

उदा : पुस्तक, राम, नदी, कपडा

जो शब्द एक से अधिक वस्तु, व्यक्ति या स्थानों का बोध कराते हैं उन्हें बहुवचन कहते हैं।

उदा : पुस्तकें कुर्सियाँ, घोड़े, लड़के

4. हिन्दी में वचन परिवर्तन संबन्धी नियमों को उदाहरण सहित समझाइए।

(i) विभक्ति प्रत्यय के साथ रहने पर शब्दों को बहुवचन बनाने के लिए ओंकारान्त बनाया जाता है।

जैसे : पेडों को, घोड़ों को, लड़कों से, माताओं ने आदि।

अकारांत पुल्लिंग शब्द एकवचन और बहुवचन दोनों में समान रुपवाले होते हैं। उसे क्रिया या विशेषण के द्वारा जान सकते हैं

जैसे :	**एकवचन**	**बहुवचन**
	पेड़ गिरता है	पेड़ गिरते हैं (क्रिया से)
	ऊँचा पेड़	ऊँचे पेड़ (विशषण से)

(ii) कुछ शब्दों के साथ वर्ग, गण, लोग आदि शब्द लगाकर बहुवचन बनाया जाता है।

उदा : बन्धुवर्ग, पाठकगण, विद्यार्थीलोग आदि।

(iii) आकारान्त पुल्लिंग संज्ञाओं के अंतिम 'आ' को 'ए' करके

उदा : लड़का – लड़के, घोडा – घोडे।

अपवाद : नाना, दादा, मामा, पिता, राजा, देवता, योद्धा, दाता, बाबा आदि कुछ आकारान्त शब्द बहुवचन में रुप नहीं बदलते।

(iv) आकारान्त को छोड़कर अन्य पुल्लिंग शब्द बहुवचन में रुप नहीं बदलते।

उदा : घर – घर, पेड़ – पेड़, फूल – फूल, कवि – कवि, भाई –भाई, मुनि – मुनि, साधु – साधु आदि।

(v) अकारान्त, आकारान्त, उकारान्त और ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञाओं के आगे 'एँ' या 'यें' लगाकर बहुवचन बनाया जाता है।

उदा : अकारान्त : आँख–आँखें, बात–बातें, बहन–बहनें, रात–रातें, किताब–किताबें आदि।

आकारान्त : लता –लतायें, माला – मालायें, पाठशाला – पाठशालायें, माता – मातायें, लड़का -- लड़के

उकारान्त : वस्तु – वस्तुएँ, ऋतु–ऋतुएँ, धातु–धातुएँ

ऊकारान्त : बहू–बहुएँ, लू–लुएँ, जू – जुंएँ

(vi) इकारान्त और ईकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञाओं के आगे 'याँ' लगाकर बहुवचन बनाया जाता है।

इकारान्त : मति--मतियाँ, प्रति–प्रतियाँ, जाति–जातियाँ, तिथि–तिथियाँ

ईकारान्त : जूती–जूतियाँ, नदी–नदियाँ,
लड़की–लड़कियाँ, स्त्री–स्त्रियाँ आदि

(नोट:) ईकारान्त और ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों का अंतिम दीर्घ स्वर बहुवचन में ह्रस्व हो जाता है।

(vii) बहुवचन संज्ञाओं के साथ कारक चिह्न जोड़ते समय ऊपर के नियम लागू नहीं होते। एकवचन रूपों के आगे 'ओं' जोड़कर कारक चिह्न लगाये जाते है।

उदा : घरों में, लड़कों को, लड़कियों का।

(viii) हिन्दी में प्रचलित फारसी, अरबी, शब्दों के बहुवचनरूप

उदा :

कागज	–	कागजात
मकान	–	मकानात
अमीर	–	उमरा
खबर	–	अखबार
अजीब	–	अजायब
ख्याल	–	ख्यालात
जौहर	–	जवाहिर
मालिक	–	मालिकान
मुकद्दमा	–	मुकद्दमात
साहब	–	साहबान
हाल	–	अहवाल
हुक्म	–	अहकाम

5. हिन्दी में लिंग परिवर्तन संबन्धी नियमों को उदाहरण सहित समझाइए।

पुल्लिंग को स्त्री लिंग बनाना

(i) अंतिम 'अ' और 'आ' को 'ई' करके

(ii) अंत में 'इन' या 'आइन' जोड़कर

(iii) अंत में 'नी' या 'अनी' लगाकर

पुल्लिंग शब्द को स्त्री लिंग बना सकते हैं।

(i) दास –दासी, देव – देवी, पुत्र – पुत्री

(ii) सुनार – सुनारिन, नाइ – नाइन

(iii) स्वामी – स्वामिनी, मोर – मोरनी

नौकर – नौकरानी, क्षत्रिय – क्षत्राणी

(iv) एक लिंग शब्द के पहले 'नर' और मादा शब्द लगाकर

उदा : नर भेडिया – मादा भेडिया

नर कौआ – मादा कौआ

(v) कुछ स्त्री लिंग शब्दों के पुल्लिंग नहीं होते

उदा : सौत, सती, वेश्या, गर्भवती, धाय, सुहागिन आदि।

7. कारक

I. एक या दो वाक्यों में उत्तर दीजिए :

1. कारक किसे कहते हैं?

उदा : विभक्ति सहित शब्दों को कारक कहते हैं।

II. सविस्तार उत्तर दीजिए :

1. कारक की परिभाषा क्या है, उसके कितने प्रकार हैं सोदाहरण समझाइए।

उदा : संज्ञा या सर्वनाम का जिस रुप से उसका संबधं वाक्य में क्रिया या किसी अन्य शब्द के साथ प्रकट होता है उसे कारक कहते हैं।

विभक्ति सहित शब्दों को कारक कहते हैं। कारक के चिह्नों को विभक्ति कहते हैं। हिन्दी में आठ कारक हैं।

कारक	विभक्तियाँ
1. कर्ता	ने
2. कर्म	को
3. करण	से
4. संप्रदान	को
5. अपादान	से

6.	सम्बन्ध	का, के, की
7.	अधिकरण	में, पर
8.	संबोधन	हे, अरे

1. कर्ता कारक : संज्ञा या सर्वनाम के जिस रुप से क्रिया के करनेवाले का बोध होता है, उसे कर्ता कारक कहते हैं।

कर्ता कारक की विभक्ति 'ने' है।

उदा : राम पढ़ता है। राम ने पाठ लिखा।

भूतकाल के कुछ भेदों में कर्ता के साथ 'ने' विभक्ति लगाती है।

2. कर्मकारक : जिस व्यक्ति या वस्तु पर क्रिया के व्यापार का फल पड़ता है उसे सूचित करनेवाले संज्ञा या सर्वनाम के रुप को कर्म कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'को' है।

उदा : मोहन को बुलाओ।

3. करण कारक: क्रिया के साधन का बोध करानेवाले संज्ञा के रुप को करण कारक कहते हैं। करणकारक की विभक्ति चिह्न 'से' है।

उदा : वह कलम 'से' लिखता है।

4. संप्रदान कारक : संज्ञा या सर्वनाम के जिस रुप के लिए क्रिया की जाए उसे संप्रदान कारक कहा जाता है। संप्रदान कारक की विभक्ति 'को ' और 'के लिए' है।

उदा : यह कलम राम को दो।

वह आप के लिए चाय लाती है।

5. अपादान कारक : संज्ञा के जिस रुप से उसके अलग होने के भाव का बोध होता है उसे अपादान कारक कहते हैं।

अपादान कारक की विभक्ति 'से' है।

उदा : पेड़ से पत्ता गिरता है।

6. संबंधकारक : संज्ञा के जिस रुप से किसी वस्तु का दूसरी वस्तु से संबंध प्रकट हो वह संबंधकारक कहलाता है।

संबंधकारक की विभक्ति 'का', 'के', 'की' है।

उदा : यह सीता का पुत्र है।

लव और कुश राम के पुत्र हैं।

विजया सुजा की बेटी है।

7. अधिकरण कारक : संज्ञा के जिस रुप से क्रिया के आधार का बोध होता हैं वह अधिकरण कारक कहा जाता है।

अधिकरण कारक की विभक्ति 'में', 'पर' है।

उदा : हाथ में कलम है। घड़ी मेज पर है।

8. संबोधन कारक: संज्ञा के जिस रुप से किसी को पुकारना या उसका ध्यान आकर्षित करना पाया जाय उसे संबोधन कारक कहते हैं। संबोधन कारक की विभक्ति 'हे', 'रे', 'ओ' आदि।

उदा : हे राम। ; अरे छोकरें।

2. कर्म कारक और संप्रदान कारक में क्या अंतर है? समझाइए:-

(i) **कर्मकारक :** जिस व्यक्ति या वस्तु पर क्रिया के व्यापार का फल पडता है उसे सूचित करनेवाले संज्ञा या सर्वनाम के रुप को कर्म कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिन्ह 'को' है। कभी-कभी इस चिन्ह की जरूरत नहीं होती।

उदा : राम ने साँप को मारा

(ii) **संप्रदान कारक :** जिसे कुछ दिया जाय या जिसके लिए कुछ किया जाय उसे सूचित करनेवाले संज्ञा के रुप को संप्रदान कहते हैं। इसको विभक्ति 'को' है।

उदा : राम ने मुझे (को) एक पुस्तक दी।

(iii) अगर किसी क्रिया के दो कर्म हो (द्विकर्मक क्रिया) तो मुख्य कर्म के साथ कर्मकारक चिन्ह 'को' और गौण कर्म के साथ संप्रदान कारक चिन्ह 'को' का प्रयोग होता है।

उदा : नौकर ने गाय को मारा – कर्म कारक

नौकर ने गाय को पानी पिलाया – संप्रदान

(iv) जब वाक्य में कर्म और संप्रदान दोनों कारक आते हैं, तो मुख्य कर्म के साथ कर्म कारक का चिन्ह 'को' नहीं लगाया जाता।

उदा : मैंने राम को (संप्रदान कारक) एक पत्र (कर्मक) लिखा।

8. सर्वनाम

I. एक या दो वाक्यों में उत्तर दीजिए :-

1. सर्वनाम की परिभाषा दीजिए :-

वाक्यों में संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाले विकारी शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। यह वचन, विभक्ति आदि के कारण बदलता है।

2. सर्वनाम के कितने भेद और वे क्या-क्या हैं?

उदा: सर्वनाम के छः भेद हैं। वे हैं :-

(i) पुरुषवाचक सर्वनाम :

उदा : मैं, हम, तू, तुम, आप, वह, वे, यह, ये

(ii) निजवाचक सर्वनाम :

उदा : आप

(iii) निश्चयवाचक सर्वनाम :

उदा : यह, ये, वह, वे

(iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम :

उदा :: कोई, कुछ

(v) संबंधवाचक सर्वनाम :

उदा : जो सो

(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम : Interrogative Pronoun

उदा : कौन, क्या

3. 'कोई' और 'कुछ' निश्चयवाचक सर्वनाम है या अनिश्चयवाचक सर्वनाम हैं?

कोई और कुछ अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। पर दोनों के प्रयोग में भेद है।

''कोई'' प्राणियों या जीवों के लिए उपयोग किया जाता है।

उदा : अंदर कोई है?

''कुछ''पदार्थ या धर्म के लिए प्रयोग किया जाता है।

उदा : पानी में कुछ है।

II. सविस्तार उत्तर दीजिए :-

1. सर्वनाम किसे कहते है? उसका उपयोग बताकर उसके भेदों पर प्रकाश डालिए।

उदा : वाक्यों में संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाले विकारी शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। यह वचन, विभक्ति आदि के कारण बदलता है।

सर्वनाम के छः भेद हैं।

(i) पुरुषवाचक सर्वनाम :

उदा : मैं, हम, तू, तुम, आप, वह, वे, यह, ये

(ii) निजवाचक सर्वनाम :

उदा : आप

(iii) निश्चयवाचक सर्वनाम :

उदा : यह, ये, वह, वे।

(iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम : उदा : कोई, कुछ।

(v) संबंधवाचक सर्वनाम

(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम

2. पुरुषवाचक सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए।

उदा : पुरुषवाचक सर्वनाम : जिससे बोलनेवाला, सुननेवाला और जिसके बारे में बातचीत हो रही है, उनके स्थान में प्रयुक्त होनेवाले शब्दों को पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। इसके तीन भेद हैं।

वे है :
1. उत्तम पुरुष – मैं, हम
2. मध्यमपुरुष – तू, तुम, आप
3. अन्यपुरुष – वह, वे, यह, ये

1. **उत्तम पुरुष :** वाक्य में बात करनेवाला या लिखनेवाला जिस सर्वनाम का प्रयोग करे, वो उत्तमपुरुष है।

उदा : मैं, हम

2. **मध्यम पुरुष :** वाक्य में जिससे बात की जाती है उसे जिस सर्वनाम से बुलाते हैं, वह मध्यम पुरुष है।

उदा : तू, तुम, आप

3. **अन्य पुरुष :** बोलने या लिखनेवाला किसी अन्य व्यक्ति या वस्तु केलिए जिस सर्वनाम का प्रयोग करें उसे अन्य पुरुष कहते हैं।

उदा : वे, यह, ये, वह कौन आदि

3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं और 'कोई' और 'कुछ' के प्रयोग में क्या अंतर है ? समझाइए।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम :

जिस सर्वनाम से अनिश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध हो उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

उदा : कोई , कुछ

कोई और कुछ अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। पर दोनों के प्रयोग में भेद हैं।

''कोई'' प्राणियों या जीवों के लिए उपयोग किया जाता है।

उदा : अंदर कोई है?

''कुछ'' पदार्थ या धर्म के लिए प्रयोग किया जाता है।

उदा : पानी में कुछ हैं।

9. विशेषण

I. एक या दो वाक्यों में उत्तर दीजिए :

1. विशेषण किसे कहते हैं ?

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतानेवाला शब्द विशेषण है।

उदा : राम अच्छा लड़का है। दूध मीठा है।

2. निर्देशक सर्वनाम का दूसरा नाम क्या है?

निर्देशक सर्वनाम का दूसरा नाम सार्वनामिक विशेषण है।

II. सविस्तार उत्तर दीजिए :

1. विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए ?

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतानेवाला शब्द विशेषण है।

उदा : राम अच्छा लड़का है। दूध मीठा है।

विशेषण चार प्रकार के हैं।

1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक
3. परिमाणवाचक
4. निर्देशक विशेषण

1. गुणवाचक विशेषण :

संज्ञा या सर्वनाम के गुण बतानेवाला विशेषण है। ये कई प्रकार के होते हैं।

गुण	–	अच्छा, भला, सुंदर, चतुर...
दोष	–	बुरा, कुरूप...
रंग	–	काला, पीला, नीला, लाल...
काल	–	नया, पुराना, ताज़ा...
स्थान	–	भारतीय, कश्मीरी, पहाड़ी...
दिशा	–	पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी...
आकार	–	छोटा, बड़ा, नाटा, ऊँचा...

2. संख्यावाचक विशेषण :

